# मॉडल यूथ ग्राम सभा (MYGS)

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

**केंद्र मॉडल यूथ ग्राम सभा (MYGS) शुरू करने के लिये तैयार है**, जो **मॉडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन** से प्रेरित एक स्कूल-आधारित पहल है, जिसका उद्देश्य छात्रों को **स्थानीय शासन और पंचायती राज कार्यप्रणाली** का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

- **मॉडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन** में हर वर्ष **लाखों छात्र** भाग लेते हैं, जिससे उन्हें **संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों और कार्यप्रणाली** के बारे में सीखने का अवसर मिलता है।

## MYGS

- **परिचय:** यह एक **स्कूल-आधारित पहल** है, जिसके माध्यम से भारतभर की कक्षाओं में **ग्राम सभाओं की लोकतांत्रिक प्रक्रिया** को शामिल किया जाएगा। यह **छात्रों को ज़मीनी स्तर के शासन** में जोड़ने का पहला संरचित प्रयास है।
- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य **सूचित और ज़िम्मेदार नागरिकों** का विकास करना है, जो स्थानीय शासन को समझें, तथा छात्र विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करें और **ग्राम बजट** तथा योजनाओं को तैयार करें।
- **लॉन्च किया गया:** यह **शिक्षा और जनजातीय मामलों के मंत्रालयों** के सहयोग से **पंचायती राज मंत्रालय** की एक पहल है।
- **क्रियान्वयन:** इसे **चरणबद्ध तरीके** से लागू किया जाएगा, जिसकी शुरुआत **जवाहर नवोदय विद्यालयों (JNV)** और **एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS)** से होगी।
  - प्रत्येक भाग लेने वाले **स्कूल** को **मॉक ग्राम सभा** आयोजित करने के लिये **20,000 रुपए** प्रदान किये जाएंगे।
- **मुख्य विशेषताएँ: कक्षा 9–12** के छात्र **सरपंच, वार्ड सदस्य, ग्राम सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता, ANM, कनिष्ठ अभियंता** आदि की भूमिकाएँ निभाएंगे।
  - **शिक्षक प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्तर के मास्टर प्रशिक्षकों (NLMT)** के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।
  - इसमें **क्षेत्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं** के साथ-साथ पर्याप्त **पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र** भी शामिल होते हैं।

**और पढ़ें:** ग्राम पंचायतों में डिजिटल परिवर्तन को प्रोत्साहन